एसआईआर तेज,अभी तक 63 .22 प्रतिशत कार्य पूर्ण

4 दिसंबर से पहले फार्म जमा करायें गणना फार्म

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 23 नवंबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा के नेतृत्व में जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। जिसके तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना फार्म का वितरण कर उन्हें भरवाने तथा भरे हुए फार्मो को प्राप्त कर बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटलाईजेशन कर ऑनलाइन करने का कार्य किया जा रहा है। जिले में अभी तक 63.22 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। शत प्रतिशत पूर्ण कराने के लिए निरंतर रूप से मॉनीटरिंग की जा रही है। जिले में 12 बीएलओ द्वारा शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा द्वारा उक्त कार्य की सघन निगरानी के लिए जिले में 65 बीएलओं सुपरवाईजर नियुक्त किये गये है, जो अपने-अपने आवंटित क्षेत्र में बीएलओं को फील्ड में जाकर मार्गदर्शन कर प्रतिदिन की प्रगति का जायजा ले रहे है। इसके साथ ही संबंधित तहसीलदारों द्वारा भी फील्ड भ्रमण कर एसआईआर कार्य का जायजा लिया जा रहा है। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्रो में वार्ड प्रभारी बनाये गये है तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं रोजगार सहायको को सहयोग प्रदान करने के लिए नियुक्त किया गया है। जिला स्तर सहित तहसील एवं नगरीय निकायो में हेल्पडेस्क भी बनाई गई है, जिन पर फोनकॉल कर मतदाता फार्म भरने में मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है। ग्रामीण क्षेत्रो में एसआईआर के संबंध में विशेष ग्रामसभा भी आयोजित की गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्मा ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि 4 दिसंबर से पूर्व ही अपने-अपने गणना फार्म भरकर संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराये जायें। उन्होने कहा कि जिन मतदाताओं द्वारा अभी तक फार्म जमा नही किये गये है, वे 4 दिसंबर से पहले ही फार्म भरकर बीएलओ को जमा करा दें, जिससे बीएलओ एप के माध्यम से उन्हें आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन करने की प्रक्रिया की जा सकें।

श्योपुर जिले में अभी तक 63.22 प्रतिशत गणना फार्म भरकर बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटाईज कर ऑनलाइन कर दिये गये है, इस प्रकार 3 लाख 18 हजार 280 फार्म ऑनलाइन कर दिये गये है। श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में 60.55 प्रतिशत तथा विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में 65.53 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जिले में 12 बीएलओ द्वारा शत प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

एसआईआर कार्य में लापरवाही पर बीएलओ निलंबित

श्योपुर, 23 नवंबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही बरतने पर प्राथमिक शिक्षक रामअवतार गुप्ता बीएलओ भाग संख्या 109 ग्राम बिटठलपुर विधानसभा क्षेत्र श्योपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की गई है। जारी आदेश के अनुसार रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बीएलओ सुपरवाईजर द्वारा बार-बार निर्देशित किये जाने के बावजूद भी एसआईआर के कार्य में निरंतर लापरवाही बरती जा रही है।

म .प्र . राज्य जैव विविधता क्विज जिला स्तर पर 25 को

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 23 नवंबर। मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता क्विज कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में जिला स्तर पर ऑफलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 25 नवंबर को किया जायेगा तथा राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता ऑनलाइन रूप में 12 दिसंबर को आयोजित होगी।

वनमंडलाधिकारी व पदेन सहायक सदस्य सचिव मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड क्षेत्रीय सामान्य वन मंडल श्योपुर केएस रंधा ने बताया कि उपरोक्त क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालयों का पंजीयन 24 नवंबर तक किया जा सकेगा। क्विज प्रतियोगिता जिला मुख्यालय श्योपुर पर आयोजित होगी।

प्रतियोगिता में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयो के कक्षा 9वीं से 12 तक अध्ययनरत छात्र व छात्राऐं भाग ले सकते है।

यदि कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थी (विद्यालय हायर सेकेण्डरी श्रेणी) भाग लेते है तो एक कक्षा से एक ही विधार्थी (कुल 03 विद्यार्थियो की एक टीम) का पंजीयन किया जा सकेगा। यदि कक्षा 9वीं से 10वीं तक के विद्यार्थी (विद्यालय हाई स्कूल श्रेणी) भाग लेते है तो एक कक्षा से एक विद्यार्थी एवं एक कक्षा से दो विद्यार्थी (कुल 03 विद्यार्थियो की एक टीम) पजीकृत हो सकेगी। विद्यालय टीम में तीन विद्यार्थियों का चयन प्राचार्य अथवा विद्यालय प्रबंधन द्वारा आंतरिक प्रतियोगिता प्रक्रिया अपनाते हुये किया जा सकता है। टीम के पंजीयन हेतु निर्धारित प्रपत्र में जानकारी भरकर विद्यालय के प्राचार्य द्वारा क्विज समन्वय अधिकारी सुशील कुमार दुबे मो.नंबर 9926298451 अथवा वनमंडल कार्यालय के पंजीयन प्रकोष्ठ प्रभारी नरोत्तम पांचाल मो. नंबर 7415718584 वनमंडल श्योपुर नोडल अधिकारी को हार्डकॉपी या व्हाटसेप के माध्यम से प्रेषित किया जा सकता है। प्रतियोगिता में पंजीयन, प्रश्न पत्र का प्रारूप पाठ्यक्रम, पुरस्कार एवं अन्य समस्त जानकारी हेतु क्विज समन्वय अधिकारी से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

स्वसहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर

मुर्गीपालन व्यवसाय से आदिवासी महिला कमा रही 8 हजार रूपये मासिक

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 23 नवंबर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा के मार्गदर्शन में एनआरएलएम अंतर्गत संचालित स्वसहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल सामाजिक रूप से सशक्त हो रही है, बल्कि आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार की आजीविका बढाने का कार्य कर रही है।

श्योपुर जिले में एनआरएलएम अंतर्गत 5 हजार 609 स्वसहायता समूह संचालित है, जिनसे 62 हजार के लगभग महिलाएं जुडी हुई है, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में इस वित्तीय वर्ष में समूहों को अभी तक लगभग 30 करोड रूपये की सीसीएल राशि उपलब्ध कराई गई है, जिससे महिलाएं समूहों के माध्यम से आजीविका मूलक गतिविधियों को अपनाते हुए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही है।

श्योपुर जिले के ग्राम सेसईपुरा निवासी श्रीमती मौसम आदिवासी एक ऐसी महिला है जो मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार के भरण पोषण में सहयोग प्रदान कर रही थी। उनके एक पुत्र और पुत्री है, घर में पति सहित कुल 4 लोग है, रोजाना मजदूरी नही मिलने से परिवार आर्थिक परेशानियों से घिरा रहता था।

एनआरएलएम अंतर्गत संचालित जय कूनों स्वसहायता समूह से जुडने के बाद उसके जीवन में बदलाव आना शुरू हुआ। समूह के माध्यम से 50 हजार रूपये का लोन लेकर उन्होने मुर्गीपालन व्यवसाय का कार्य शुरू किया, इसके लिए उन्होने अपने घर के पास खाली पडी भूमि पर शैड बनाया तथा मुर्गीपालन के लिए आवश्यक उपकरण खरीदें और चूजे खरीदकर मुर्गीपालन का कार्य शुरू किया। एनआरएलएम के माध्यम से प्रशिक्षण भी प्राप्त किये, वर्तमान में उसका व्यवसाय अच्छा चल रहा है, और वह मुर्गीपालन से लगभग 8 हजार प्रतिमाह घर बैठे ही कमा रही है। वे बताती है कि उन्हें पीएम जनमन योजना के तहत पक्का आवास भी मिल गया है, पहले वह कच्ची पाटोर में रहती थी, लेकिन योजना के तहत मिली दो लाख रूपये की राशि से उन्होंने अपना पक्का आवास बनाया है। वर्तमान में वे जय कूनो समूह की अध्यक्ष है तथा समूह की अवधारणा के अनुरूप समूह का संचालन कर रही है।

जनपद पंचायतों में युवा संगम रोजगार मेलों की शुरूआत

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 23 नवंबर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में रोजगार कार्यालय द्वारा जनपद पंचायतों में युवा संगम रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें एसएससीआई कंपनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड एवं सिक्योरिटी सुपरवाईजर के प्रशिक्षण हेतु पंजीयन किये जायेंगे।

जिला रोजगार अधिकारी आशीष कुमार जैन ने बताया कि जनपद पंचायत वीरपुर में 24 नवंबर को, जनपद पंचायत विजयपुर में 25 नवंबर को, जनपद पंचायत कराहल में 26 नवंबर को, नगर परिषद बडौदा में 28 नवंबर को तथा जनपद पंचायत श्योपुर में 29 नवंबर को रोजगार मेलों का आयोजन होगा। उक्त निकायों के कार्यालय में आयोजित रोजगार मेलों में एसएससीआई द्वारा सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के पदों के लिए प्रशिक्षण हेतु पंजीयन किये जायेंगे, प्रशिक्षण उपरांत सफल उम्मीदवारों का उक्त पदों पर प्लसमेंट किया जायेगा।

सुरक्षा जवान पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वी उत्तीर्ण तथा आयु 19 से 40 वर्ष, लम्बाई 168 सेटीमीटर एवं वजन 56 से 90 किलो तक अपेक्षित है। इसी प्रकार सुरक्षा सुपरवाईजर के लिए शैक्षणिक योग्यता कक्षा 12वी से अधिक होनी चाहिए, आयु 21 से 40 वर्ष, लम्बाई 170 सेटीमीटर से अधिक एवं वजन 65 से 90 किलो के बीच होना चाहिए। इच्छुक आवेदक उक्त रोजगार मेलों में भाग लेकर पंजीयन करा सकते है।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, 28 दिसंबर तक आवेदन

श्योपुर जिले से 200 यात्रियों का कोटा, द्वारिका सोमनाथ जायेगी यात्रा

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 23 नवम्बर। धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्योपुर जिले को द्वारिका सोमनाथ तीर्थ स्थान की यात्रा के लिए 200 यात्रियों का कोटा प्राप्त हुआ है। यह तीर्थ यात्रा 11 जनवरी से 17 जनवरी तक होगी। इस यात्रा में शामिल होने के लिए 28 दिसंबर तक आवेदन किये जा सकते है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार तहसील क्षेत्र श्योपुर नगरीय एवं ग्रामीण के लिए आवेदन जिला पंचायत श्योपुर में लिये जायेगे तथा अन्य सभी तहसील क्षेत्रों के आवेदन संबंधित तहसीलों में प्राप्त किये जायेगे। सभी एसडीएम को निर्देश जारी किये गये है कि आवेदन प्राप्त करने के लिए तहसीलों में पृथक से काउंटर खुलवायें जायें तथा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जायें। कार्य के लिए प्रभारी अधिकारी नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारी रहेगे। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि यात्रा 11 जनवरी को शिवपुरी से रवाना होगी, इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 दिसंबर निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 60 वर्ष या इससे अधिक है, महिला यात्री के संबंध में दो वर्ष की छूट दी गई है तथा आयकरदाता नही है, वे अपने आवेदन उक्त स्थानों पर जमा करा सकते है।

खाना न देने की बात को लेकर गाली-गलौच मारपीट

श्योपुर। थाना बड़ौदा फरि. रामसिंह पुत्र भोलाराम वैरवा उम्र 42 साल नि. प्रेमपुरा ने रिपोर्ट की कि दि. 22.11.25 के 20.00 बजे स्थान फरि. के घर के बाहर प्रेमपुरा पर आरोपी घनश्याम उर्फ काडू वैरवा नि. प्रेमपुरा थाना बड़ौदा ने खाना न देने की बात को लेकर गंदी गंदी गालियां दी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी । दि. 22.11.25 के 23.00 बजे अप.क्र. 304/25 धारा 115 (2) 296,351 (2), बीएनएस कायम कर लिया हैं। वहीं थाना मानपुर अवैध शराब पकड़ी आरोपी करन पुत्र सुभान सिंह भील उम्र 24 साल नि. ग्राम बागचा मानपुर को दि. 22.11.25 के 17.00 बजे स्थान सीप नदी के पास मानपुर पर कब्जे 22 क्वा. देशी मदिरा प्लेन कुल कीमती 2200/-रु. के रखे पकड़ा दि. 22.11.25 के 19.54 बजे अप.क्र. 234/25 धारा 34 आब. एक्ट कायम कर लिया हैं।

दौड़ की शर्त की बात पर गाली-गलौच, मारपीट

श्योपुर। थाना मानपुर मारपीट फरि. लाखन पुत्र कैलाश प्रजापति उम्र 22 साल नि. ग्राम मानपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 22.11.25 के 14.00 बजे स्थान रहीश मुसलमान की दुकान के सामने पर आरोपी विष्णु पुत्र गोवरीलाल माहौर नि. ग्राम मानपुर ने दौड़ की शर्त की बात पर से फरि के साथ गंदी - गंदी गालियां दी हाथ घूसो से मारपीट कर चोट पहुचाई व जान से मारने की धमकी दी । दि. 22.11.25 के 16.15 बजे अप.क्र. 232/25 धारा 115 (2) 296,351 (2) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

22 क्वाटर अवैध देशी मदिरा शराब जप्त

एक्सीडेंट होने से एक की मृत्यु, मर्ग कायम

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 23 नवंबर। थाना मानपुर मर्ग सूचनाकर्ता रफीक पुत्र इब्राइम खांन उम्र 65 साल नि. बड़ा इमामबाडा श्योपुर ने बताया कि दि. 21.11.25 के 20.00 बजे स्थान ददूनी पेट्रोल पंप के पास श्योपुर सवाई माधोपुर रोड़ पर मृतक बसीम पुत्र रफीक खान उम्र 28 साल नि. सदर मृतक की मृत्यु एक्सीडेंट मे आयी चोटो के कारण दौरान इलाज हो गई ।

दि. 22.11.25 के 18.26 बजे मर्ग क्र.39/25 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर लिया हैं। वहीं **सफेद रंग की गाडी की टक्कर से एक की मौत** :

थाना मानपुर सड़क दुर्घटना फरि. रफीक पुत्र इब्राहिम खां उम्र 65 साल नि. बड़ा इमामबाडा श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 21.11.25 के 20.00 बजे स्थान ददूनी पेट्रोल पंप के पास श्योपुर सवाई माधोपुर रोड पर आरोपी सफेद रंग की गाडी क्र. आरजे 25 सीक्यू 6782 का चालक ने अपनी गाडी को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि के लड़के की मो.सा. मे टक्कर मार दी जिससे मृतक की मृत्यु हो गई । दि. 22.11.25 के 18.16 बजे अप.क्र. 233/25 धारा 106 (1), 281, 125ए बीएनएस कायम कर लिया हैं।

गणना पत्रक भरने के लिए आवश्यक नहीं किसी भी प्रकार का ओटीपी

सीईओ झा ने किया मतदाताओं को सतर्क

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 23 नवंबर। एसआईआर-2026 के दौरान गणना पत्रक भरने के लिए बीएलओ या किसी भी अन्य अधिकारी द्वारा किसी भी माध्यम से ओटीपी मांगे जाने की आवश्यकता नहीं है। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने मतदाताओं को सतर्क करते हुए बताया है कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं, माता-पिता या दादा-दादी संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ अथवा नजदीकी हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि एसआईआर पत्रक भरते समय सुरक्षा उपायों का पालन करें। आधिकारिक सरकारी वेबसाइट पर ही एसआईआर भरें।

ये हैं सुरक्षा उपाय: ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। एसआईआर की प्रक्रिया में निर्वाचन विभाग या किसी अधिकारी द्वारा फोन/मैसेज पर ओटीपी, आधार नंबर, मोबाइल नंबर आदि मांगना प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है। यदि कोई इस तरह की जानकारी माँगता है तो वह श्साइबर फ्रॅड कॉलश् हो सकता है।

एसआईआर भरते समय इन बातों का रखें ध्यान

एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह नि:शुल्क है। किसी भी प्रकार की फीस, प्रोसेसिंग चार्ज या भुगतान करने के लिए कहे जाने पर ध्यान दें-ऐसे संदेश/कॉल धोखाधड़ी हो सकते हैं। व्हॉट्सऐप या सोशल मीडिया पर मिले लिंक न खोलें। श्आपका वोटर कार्ड रद्द हो जाएगाश, श्तुरंत एसआईआर भरेंश् जैसे संदेश फर्जी हो सकते हैं। एसआईआर के लिये साइबर कैफे का उपयोग करते समय सतर्क रहें। ऑटो-सेव बंद रखें, कार्य समाप्त होने पर ब्राउजर इतिहासध्कैश साफकरें और अनिवार्य रूप से लॉगआउट करें। किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल अथवा हेल्पलाइनर 1930 पर करें।

पराली प्रबंधन में भूमिका निभा रहे युवा किसान

प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण के साथ ही मिल रहा रोजगार

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 23 नवंबर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा पराली फ्री डिस्ट्रिक्ट को लेकर चलाई गई मुहिम को युवा किसानों का सहयोग मिल रहा है, प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ ही युवाओं के लिए यह अवसर रोजगार भी प्रदान कर रहा है।

ग्राम ज्वालापुर के युवा इरफान खान एक ऐसे युवा है, जिन्होंने पराली प्रबंधन के जरिये रोजगार की दिशा में नवाचार करते हुए अपने कदम बढायें है, जिसका प्रतिफल भी उन्हें खूब मिल रहा है। सामाजिक सरोकार और प्रकृति, पर्यावरण में अपना योगदान प्रदान कर रहे, इरफान खान किसानों के खेतो में पराली का निशुल्क प्रबंधन कर रहे है। पराली काटने के लिए वे किसानों से किसी भी प्रकार का शुल्क नही ले रहे है और वैज्ञानिक तरीके से धान की कटाई के बाद पराली को काटकर आगामी रबी फसल गेहूं के लिए तैयार कर रहे है।

इरफान खान बताते है कि जिला प्रशासन की पराली प्रबंधन की मुहिम से प्रभावित होकर उन्होंने कृषि विभाग के माध्यम से ई-कृषि अनुदान पोर्टल पर बेलर के लिए आवेदन किया तथा 50 प्रतिशत सबसिडी पर बेलर खरीदा, उन्होने 8 लाख 67 हजार रूपये की राशि पूंजी के रूप में बेलर खरीदने के लिए निवेश की, लगभग इतनी ही राशि मध्यप्रदेश की सरकार द्वारा उन्हें प्रदान की गई। अनुमानित 15-16 लाख रूपये लागत का बेलर उन्हें प्रदाय किया गया, जिसका उपयोग वे अपने क्षेत्र के किसानों के यहां निशुल्क रूप से पराली प्रबंधन के लिए कर रहे है। वे बताते है कि अभी तक 500 से अधिक बीघा में पराली काटकर मशीन से गठ्ठे बनाये है, यह कार्य निरंतर जारी है। बेलर एक ऐसी मशीन है, जो स्वचलित रूप से न केवल पराली को काटती है, बल्कि उसके बंडल भी बना देती है।

इरफान बताते है कि पराली के बंडलो को उनके द्वारा श्योपुर में स्थापित बायोफ्यूल प्लांट को 200 रूपये प्रति क्विंटल की दर से विक्रय किया जा रहा है, जिससे उन्हें मुनाफा मिल रहा है। रोजगार के रूप में उन्होंने इसे अपनाया है और वर्तमान में पराली प्रबंधन से जुडकर बेहतर लाभ हासिल कर रहे है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा पराली प्रबंधन के लिए चलाई गई मुहिम के तहत श्योपुर जिले में पहली बार बडी संख्या में किसानों ने सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर, हैप्पी सीडर अनुदान पर क्रय किये है, कुछ किसानों द्वारा बेलर भी क्रय किये गये है। युवा किसानों ने इसे रोजगार के रूप में अपनाते हुए बेलर खरीदे है और अपने-अपने क्षेत्र में किसानों के खेतो में पराली काटने और उसके बंडल बनाने का कार्य करते हुए बायोफ्यूल प्लांट को विक्रय करने का कार्य किया जा रहा है।

एनसीसी दिवस पर कैडेट्स ने किया रक्तदान

- भोपाल में मरीज को रक्तदान करने पहुंचे एनसीसी कैडेट्स
- कॉलेज प्रबंधन पर एनसीसी अधिकारी ने दी बधाई

नवभारत न्यूज

सीहोर 23 नवंबर. प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी दिवस के अवसर पर रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी सजगता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है.

भोपाल के चिरायु अस्पताल में एक बुजुर्ग की ओपन हार्ट सर्जरी हेतु चार यूनिट रक्त की आकस्मिक आवश्यकता थी, उनके पुत्र ने पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के एनसीसी अधिकारी से रक्त के लिए आग्रह किया. सहयोगी एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट सतीश शर्मा के आह्वान पर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स आर्यन वर्मा, विकास परमार, अजय वर्मा एवं महात्मा गांधी कॉलेज के एनसीसी केयरटेकर अरविंद वर्मा चिरायु अस्पताल पहुंचे और चारों ने सहर्ष चार यूनिट रक्तदान किया. कैडेट्स आर्यन ने बताया कि रक्तदान कर वह बहुत सुखद अनुभव कर रहे हैं. कैडेट विकास परमार ने कहा महाविद्यालय की एनसीसी इकाई की यह परंपरा रही है कि सभी कैडेट जरूरतमंदों के लिए रक्तदान के लिए सदैव तत्पर रहते हैं.

गणना पत्रक भरने जरूरी नहीं ओटीपी

सीहोर. एसआईआर-2026 के दौरान गणना पत्रक भरने के लिए बीएलओ या किसी भी अन्य अधिकारी द्वारा किसी भी माध्यम से ओटीपी मांगे जाने की आवश्यकता नहीं है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सतर्क करते हुए बताया है कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं, माता-पिता या दादा-दादी संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ अथवा नजदीकी हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं.

नेहरु पार्क में निशुल्क योग शिविर का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

सीहोर 23 नवंबर. जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देश अनुसार बस स्टैंड स्थित नेहरू पार्क में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर सात दिवसीय योग शिविर प्रारंभ हुआ.

योगाचार्य सुरेश बाबू राठौड़ के मार्गदर्शन में चलने वाले इस शिविर का नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर ने किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि एक संकल्प है. स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन की ओर बढ़ने का. आधुनिक जीवन की भागदौड़ में जो न केवल रोगों से बचाता है, बल्कि मन को भी शांत रखता है. हमें चाहिए कि हम रोज योग करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि हम एक स्वस्थ और सुखी समाज का निर्माण कर सकें. इसलिए योग करें, रोग भगाएं और और स्वस्थ जीवन अपनाएं. इस अवसर पर योगाचार्य सुरेश बाबू ने कहा कि योग का नियमित अभ्यास हमें कई तरह से फायदा पहुंचाता है. इस मौके पर जुगल किशोर त्यागी, सुनील दुबे, ओम बाबा राठौर, नरेंद्र खंगराले, केके रिछारिया, भगत सिंह तोमर, विनीत गोयल, संतोष मालवीय, जितेंद्र भाटी, मांगीलाल प्रजापति मौजूद थे.

सोयाबीन का मॉडल रेट 4285 निर्धारित

सीहोर. भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 4285 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है. सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है. पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था. इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 को 4184 रुपए, 15 को 4225 रुपए, 16 को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए 21 नवंबर को 4271 रुपए क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था.

छूट पाने आवेदन कर सकते हैं विद्युत उपभोक्ता

नवभारत न्यूज

सीहोर 23 नवंबर. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के 16 जिलों के उपभोक्ताओं के लिए धारा 126 में लंबित प्रकरणों में लोक अदालत की तर्ज पर छूट प्रदान करने का अवसर उपलब्ध कराया गया है. इसके लिए उपभोक्ताओं को ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन करने की सुविधा दी गई है. आवेदन 1 दिसंबर से शुरू होकर 31 दिसंबर तक लिए जाएंगे.

ऑनलाइन आवेदन के लिए उपभोक्ता कंपनी पोर्टल पर जाकर प्रदर्शित क्लीक लिंक टैब पर क्लिक कर आवेदन प्रस्तुत करना होगा. कंपनी के पोर्टल पर कंज्यूमर आईडी की प्रविष्टि करते ही उपभोक्ता को धारा-126 में दर्ज लंबित प्रकरण प्रदर्शित होगा. उपभोक्ता को लोक अदालत की तर्ज पर धारा-126 में छूट प्राप्त किए जाने हेतु उपभोक्ता के परिसर या अन्य परिसर पर संयोजन के विरूद्ध विद्युत देयक की बकाया राशि नहीं है तथा विचाराधीन प्रकरण पर धारा 127 के अंतर्गत गठित अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष या किसी अन्य न्यायालय के समक्ष कोई अपील लंबित नहीं है न ही निर्णित है सत्यापित कर सबमिट करना होगा. इसके बाद उपभोक्ता ऑनलाइन भुगतान का विकल्प चयन कर भुगतान कर सकते हैं. ऑफलाइन आवेदन के लिए उपभोक्ताओं के लिए विद्युत वितरण केन्द्र/जोन पर निर्धारित प्रारूप में आवेदन करने की सुविधा भी उपलब्ध है। कंपनी ने कहा है कि विद्युत अधिनियम की धारा 126 के लंबित प्रकरणों में लोक अदालत की तर्ज पर छूट प्रदान कर प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माह के दौरान ही किया जाएगा.

नाबालिग को अगवा करने वाला धराया

रेहटी. स्थानीय थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम गांजीत निवासी एक नाबालिग को बहला फुसला कर अगवा करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उसके चुंगल से नाबालिग को आजाद कराया है. आरोपी को न्यायालय द्वारा जेल भेजे जाने के आदेश जारी किए हैं. जानकारी के अनुसार गत 17 नवंबर को गांजीत निवासी 16 वर्षीय युवती अपने घर से लापता हो गई थी. परिजनों ने गुमशुदगी की शिकायत रेहटी थाने में दर्ज कराई थी. प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी राजेश कहारे के द्वारा गठित टीम को विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना और सायबर सेल की मदद से आरोपी दुर्गेश कीर के कब्जे से नाबालिक बालिका को बरामद कर परिवारजनों को सुपुर्द किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया.

प्रवचन | **श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम में पं. मोहितराम पाठक के जन्मदिन पर हुए आयोजन**

दुनिया को नहीं परमात्मा को प्रसन्न करें : मोहितराम

नवभारत न्यूज

सीहोर 23 नवंबर. दुनिया को खुश करने में मानव अपनी खुशी भूल जाता है इसलिए दुनिया को नहीं दुनिया बनाने वाले परमात्मा को प्रसन्न करना चाहिए हम ऋषि चाणक्य भगवान शंकराचार्य भगवान श्री राम कृष्ण की संतानें हैं. आज संपूर्ण विश्व सनातन की ओर देख रहा है. हम सबको अपनी संस्कृति अपने संस्कार अपने पूर्वजों की परंपरा का ध्यान रखते हुए चित्र और चरित्र को संवारना चाहिए.

रविवार को नगर स्थित श्रीराम गौशाला गोतीर्थ क्षेत्र श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम परिवार द्वारा कथा व्यास परम गौभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक के जन्मदिवस के अवसर पर सर्वप्रथम गौमाता का पूजन ठाकुर जी का अभिषेक एवं ब्राह्मण द्वारा स्वस्ति वाचन कर पं. पाठक का जन्म दिवस मनाया गया. इस अवसर पर कथावाचक पं. पाठक ने आश्रम परिवार एवं आश्रम पर आए सभी भागवत प्रेमी सनातनी हिंदजनों से कहा कि हम भगवान से यहां प्रार्थना करते हैं कि अपना अगला जन्म दिवस हिंदू राष्ट्र में मनाएं. अर्थात भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित होना चाहिए साथ में गौ माता को राष्ट्र माता की पदवी प्राप्त हो यही हम सब का संकल्प है जात-पात की विदाई करके संपूर्ण हिंदुओं को एक साथ रहना चाहिए. तभी भारत विश्व गुरु बन सकता है. उन्होंने कहा कि हम सब एक ही धर्म के हैं. हममें कोई छोटी- बड़ी जात नहीं है. उन्होंने कहा कि हम अपने आसपास अपने धर्म के लोगों का ध्यान रखें. अगर कोई गरीब है तो उसकी मदद के लिए सब आगे आएं ताकि वह दूसरे विधर्मियों की बातों में न आ सके. इस अवसर पर बड़ी संख्या में आश्रम पर आए सभी श्रद्धालु भागवत प्रेमी एवं परिवार ने कथावाचक पं. पाठक को जन्म दिवस की बधाई दी एवं आशीर्वाद प्राप्त किया.